कार्यालय प्राचार्य, अरूण प्रताप सिंह देव शासकीय महाविद्यालय शंकरगढ़
जिला – बलरामपुर – रामानुजगंज (छ0ग0)
यूजीसी से, मान्यता, संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय सरगुजा, अम्बिकापुर से संबद्ध
NAAC Accredited Grade "B"
COLLEGE CODE - 3607 AISHE C-49747
Web:- www.govtcollegeshankargarh.ac.in Email:- shankargarhcollege@gmail.com, shankargarhcollege@rediffimail.com

क्र. / 198 / अतिथि.व्या. / 2026 शंकरगढ़, दिनांक–16 / 04 / 2026

अतिथि व्याख्याता एवं अन्य हेतु विस्तृत विज्ञापन का प्रारूप

कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा संचालनालय रायपुर का पत्र क्रमांक 289 / 01 / आउशि / राज.स्था. / 2025 नवा रायपुर दिनांक 23.07.2025 एवं छ.ग. शासन, उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय का पत्र क्रमांक ESTB-1027/1216/2025/38-1 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 23.07.2025 के अनुसार अरूण प्रताप सिंह देव शासकीय महाविद्यालय शंकरगढ़ में रिक्त सहायक प्राध्यापक के विरूद्ध अतिथि व्याख्याता, अतिथि शिक्षण सहायक, आवेदन पत्र आंमित्रत किया जाता है इच्छुक तथा योग्य अभ्यार्थी समस्त प्रमाण पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज के साथ आवेदन **दिनांक 22.04.2026 सायं 05:00** बजे तक केवल रजिस्टर्ड डाक अथवा स्वयं या वाहक के द्वारा (कार्यालय से पावती प्राप्त करें) प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा। सम्पूर्ण योग्यता तथा चयन प्रक्रिया **"अतिथि व्याख्याता नीति 2024"** के परिपालन में किया जाएगा। अतिथि व्याख्याता नीति 2024 का अध्ययन महाविद्यालय के सूचना पटल / वेबसाईट www.govtcollegeshankargarh.ac.in से किया जा सकता है।

आवश्यक शैक्षणिक एवं अन्य अर्हता:–

1. अतिथि व्याख्याता को कार्य करने के लिए न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों में शिक्षकों और अन्य शैक्षणिक कर्मचारी की नियुक्ति हेतु न्यूनतम अर्हताएं तथा उच्चतर शिक्षा में मानकों के रख रखाव हेतु अन्य उपाय) संबंधी विनियम, 2018 के प्रावधानों के अनुरूप होगी। इस व्यवस्था के अंतर्गत अतिथि शिक्षण सहायक के लिए स्नातकोत्तर पर न्यूनतम 55% अंक होना चाहिए परन्तु अनुसूचित जनजाति / जाति एवं दिव्यांगजन अभ्यार्थी के लिए स्नातकोत्तर स्तर पर न्यूनतम 50% अंक होना चाहिए।
2. आंयु–सीमा:– अतिथि व्याख्याता / अतिथि शिक्षण सहायक अधिकतम 65 वर्ष तक ।
3. **छत्तीसगढ़ के मूल निवासी अभ्यार्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी।**
4. **विषय / पदों का विवरण:–**

क्र.	विषय	रिक्त पद
01	अर्थशास्त्र	01

टीप:– **1. संबंधित विषय में नवीन नियुक्ति / नियमित पदस्थापना या स्थानातरण के फलस्वरूप पद भरे जाने पर उक्त पद के विरूद्ध एवं अन्य की सेवा स्वत: समाप्त हो जावेगी।**

आवेदन के साथ मूल निवास प्रमाण पत्र, 10वीं, 12वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर, नेट / सेट, एम फिल / पी–एच डी. , अनुभव प्रमाण संलग्न करें।

5. दिनांक 22.04.2026 तक कार्यालयीन समय में निर्धारित प्रारूप में डाक के माध्यम से अथवा स्वयं उपस्थिति होकर आवेदन कर सकते है। ई–मेल से भेजे गये आवेदन को मान्य नहीं किया जावेगा। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा।

6. प्राप्त आवेदनो की पदवार अनंतिम मेरिट सूची का प्रकाशन **दिनांक–23.04.2026** को महाविद्यालय के सूचना पटल व **वेबसाईट** **www.govtcollegeshankargarh.ac.in** पर प्रकाशित किये जाएगें।
7. **अनंतिम सूची में दावा आपत्ति की तिथि 25.04.2026** तक स्वयं उपस्थित होकर या मेल के माध्यम से भेज सकते है।
8. अंतिम सूची का प्रकाशन **दिनांकः– 27.04.2026** को किया जावेगा। जिसका अवलोकन महाविद्यालय की वेबसाईट एवं सूचना पटल में किया जायेगा।
9. आमंत्रित अभ्यार्थी को कार्यभार ग्रहण करते समय इस आशय का शपत पत्र देना होगा कि संबंधित के विरूद्ध पुलिस/न्यायालय में कोई अपराधिक प्रकरण विचारणधीन नहीं है। साथ ही अभ्यार्थी किसी अन्य शासकीय/अर्द्धशासकीय सेवा में नहीं है एवं पूर्व में किसी विश्वविद्यालय में /महाविद्यालय में शिकायत /कार्य संतोषजनक नहीं पाये जाने के आधार पर अभ्यार्थी की सेवाएं समाप्त नहीं की गई है।
10. अतिथि व्याख्याता के अंतर्गत देय मानदेय **"अतिथि व्याख्याता नीति 2024"** के अनुसार देय होगा।
11. अतिथि व्याख्याता एवं अन्य की सेवाएं भविष्य में नियमितिकरण का आधार नहीं होगा।
12. इस विज्ञापन के तहत व्यवस्था किये गए अतिथि व्याख्याता एवं अन्य को विश्वविद्यालय /महाविद्यालय स्थापना के अर्तगत नहीं माना जावेगा और वे लोक सेवक की विधि विहित परिभाषा के अंर्तगत लोक सेवक नहीं कहलायेगें।
13. संस्थान में इस व्यवस्था के अंतर्गत कार्यरत यदि लगातार 15 दिवस तक अनुपस्थित रहता है तो उसकी व्यवस्था स्वतः समाप्त हो जायेगी। जिसकी कार्यवाही संबंधित संस्था प्रमुख द्वारा की जावेगी।
14. इन्हे सर्वत्र अनुशासन बनाये रखना होगा तथा संस्था प्रमुख के द्वारा दिए गए अतिरिक्त कार्य एवं निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।
15. आवेदक निर्धारित प्रारूप में बंद लिफाफे के ऊपर पत्राचार का पता प्राचार्य, अरूण प्रताप सिंह देव शासकीय महाविद्यालय शंकरगढ,जिलाः– बलरामपुर–रा.गंज (छ.ग.) 497118 एवं आवेदित विषय....... .... पद........................... आवश्यक रूप से लिखें।

प्राचार्य
अरूण प्रताप सिंह देव शासकीय महाविद्यालय
शंकरगढ़,जिला–बलरामपुर–रा.गंज(छ.ग.)